प्रेषक,

**श्रीप्रकाश सिंह,**

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**निदेशक,**

अल्पसंख्यक कल्याण,

उत्तर प्रदेश, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

**अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक २८ दिसम्बर, 2016**

विषय- बारहवीं पंचवर्षीय योजना में मल्टी सेक्ट्रोरल डेवलपमेण्ट प्लान के अन्तर्गत जनपद-लखनऊ के 08 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में डी०एल०पी० प्रोजेक्टर, 176 राजकीय हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल में सफेद श्यामपट्ट एवं 88 हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूलों में सीखने के लिए आधुनिक किट्स हेतु केन्द्रांश की **द्वितीय किश्त** एवं उसके सापेक्ष बनने वाले राज्यांश अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-3/19(1)/2012-पी0पी0, दिनांक 19.11.2012 के क्रम में जारी शासन के पत्र संख्या-1018/52-1-13-02(एम०एस०डी०पी०)/13, दिनांक 06 मार्च, 2013 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उक्त परियोजनाओं हेतु केन्द्रांश एवं राज्यांश की **प्रथम किश्त** अवमुक्त की गयी थी।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-3/19(1)/2012-पी0पी0, दिनांक 22.09.2015 से उक्त परियोजनाओं हेतु कुल अनुमोदित केन्द्रांश रू0 19.26 लाख के सापेक्ष अवशेष **द्वितीय किश्त** के रूप में प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश सहित रू० 12.84 लाख शासनादेश संख्या-1685/52-1-16-02(एम०एस०डी०पी०)/13, दिनांक 08 जून, 2016 द्वारा आपके निवर्तन पर रखा गया था।

3- उक्त वित्तीय स्वीकृति सम्बन्धी शासनादेश दिनांक 08.06.2016 को एतद्द्वारा निरस्त करते हुए पुन: प्रश्नगत योजना हेतु भारत सरकार द्वारा प्राप्त केन्द्रांश रू० 9,63,000/- (रू० नौ लाख तिरसठ हजार मात्र) एवं उसके सापेक्ष बनने वाले राज्यांश रू० 3,21,000/- (रू०तीन लाख इक्कीस हजार मात्र) अर्थात कुल धनराशि रू0 12,84,000/-(रू0 बारह लाख चौरासी हजार मात्र) आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की श्री राज्यपाल महोदय स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

http://shasanadesh.up.nic.in

(रू0 लाख में)

| क्र0 | जनपद | योजना | इकाई | इकाई लागत | कुल अनुमोदित केन्द्रांश | कुल राज्यांश | पूर्व में अवमुक्त (के0+रा0) | अवमुक्त **द्वितीय किश्त** | | अवमुक्त कुल धनराशि (के0+रा0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | केन्द्रांश | राज्यांश | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में डी०एल०पी० प्रोजेक्टर | 08 | 02.00 | 12.00 | 04.00 | 08.00 | 06.00 | 02.00 | 08.00 |
| 2 | ,, | राजकीय हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल में सफेद श्यामपट्ट | 176 | 0.035 | 04.62 | 01.54 | 03.08 | 02.31 | 0.77 | 03.08 |
| 3 | ,, | हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूलों में सीखने के लिए आधुनिक किट्स | 88 | 0.04 | 02.64 | 0.88 | 1.76 | 1.32 | 0.44 | 1.76 |
| | | **योग** | **272** | **2.075** | **19.26** | **6.42** | **12.84** | **9.63** | **3.21** | **12.84** |

1- अवमुक्त की जा रही धनराशि को किसी अन्य मद में व्यय नहीं किया जायेगा। इसे सक्षम स्तर की स्वीकृति, यदि वित्तीय हस्तपुस्तिका तथा बजट मैनुअल नियमों के अन्तर्गत शासन या अन्य सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, प्राप्त करके ही व्यय किया जाय। धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा।

2- अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा **जिलाधिकारी, लखनऊ** को हस्तान्तरित की जायेगी, जिनके द्वारा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी,लखनऊ के माध्यम से प्रश्नगत उपकरणों का क्रय 06 माह में गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार किया जायेगा। यदि इस मद में कोई वृद्धि होती है तो अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी। धनराशि का व्यय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्य-मदों पर ही किया जायेगा। निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी, लखनऊ के मध्य इस आशय का एम0ओ0यू0 (मेमोरेण्डम आफ अण्डर टेकिंग) भी हस्ताक्षरित किया जायेगा।

3- अवमुक्त धनराशि का व्यय योजना में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्य मदों पर योजना के मार्ग-निर्देशों तथा समय-समय पर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों की अधीन किया जायेगा।

4- प्रश्नगत उपकरणों की स्थापना योजना की गाइड लाइन्स तथा बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रश्नगत उपकरणों के क्रय हेतु निर्धारित मानकों सहित गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जायेगा।

5- यथावश्यक उत्तर प्रदेश भण्डार क्रय नियमावली के प्राविधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। प्रश्नगत उपकरणों के क्रय में पायी गयी किसी तरह की अनियमितता के लिए कार्यदायी संस्था, उससे सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

http://shagunadesh.up.nic.in

6- प्रश्नगत कार्य हेतु सम्बन्धित विद्यालय में एक बोर्ड का निर्माण किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, योजना की लागत, बजट का स्रोत, कान्ट्रेक्टर का नाम व भौतिक लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि का अंकन होगा। कार्य के पूर्णोपरान्त उस पर स्थायी रूप से विवरण अंकित किया जायेगा।

7- प्रश्नगत उपकरणों का क्रय की विशिष्टियॉं, मानक, भवन एवं उपकरण आदि की डिजाइन वही होगी जो केन्द्र/राज्य सरकार के बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित है।

8- प्रश्नगत उपकरणों का क्रय पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था द्वारा उसके हस्तान्तरण की कार्यवाही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा योजना से सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के माध्यम से की जायेगी।

9- अवमुक्त धनराशि के उपभोग में मितव्ययितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

10- अनुदान ग्राही (Grantee) द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक् खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा। कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य के सम्परीक्षित लेखे निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ०प्र० लखनऊ को उपलब्ध कराया जायेगा ।

11- अवमुक्त धनराशि का दुरूपयोग होने की स्थिति में निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

12- अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी से हस्तान्तरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दो-दो प्रतियां निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

13- उपरोक्त कार्य के बारे में अवमुक्त धनराशि से क्रय उपकरणों की गुणवत्ता की पुष्टि जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा कर लिया जायेगा। यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसे शासन तथा निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण को सूचित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

14- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-01-केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-**0109-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत राजकीय हाई स्कूल एवं इण्टर कालेजों का भवन निर्माण/अतिरिक्त कक्षा-कक्षों/जर्जर भवनों का निर्माण (के0 75/रा0 25-के0+रा0)-24-**वृहद निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

15- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2016/बी0-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22-03-2016 में निहित प्राविधानों के अनुसार जारी किया जा रहा है।

16- उपरोक्त कार्य हेतु जारी शासनादेश संख्या-1685/52-1-16-02(एम०एस०डी०पी०)/13, दिनांक 08 जून, 2016 को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है ।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव।

संख्या-5219(1)/बावन-1-2016, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5- प्रमुख सचिव, बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को प्रश्नगत उपकरणों का क्रय में निर्धारित मानकों का अनुपालन करने के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6- निजी सचिव, मा0मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा0मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7- निजी सचिव, सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
8- निदेशक, बेसिक/ माध्यमिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।
9- जिलाधिकारी, **लखनऊ/जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, लखनऊ** को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत उपकरणों का क्रय समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

UniCode Gov. Inter College. G.O

http://shasanadesh.up.nic.in

10- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

11- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, लखनऊ ।

12- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-11 को 01 प्रति।

13- लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कलाम मुहीउद्दीन)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in